ब्रेल प्रेस
Braille Press
डॉ० शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
मोहान रोड, लखनऊ 226 017 Mohaan Road, Lucknow - 226 017 वेबसाइट Website: http://dsmru.up.nic.in
email: braillepress@dsmnru.ac.in

Ref No.: 19 /Braille Press/DSMNRU/2024-25 दिनांक: 05.02.2025

सेवा में,

समस्त अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष एवं शिक्षक वृंद
(ऐसे समस्त संकाय/विभाग जहाँ दृष्टिबाधित विद्यार्थी अध्ययनरत हैं)
डॉ० शकुंतला मिश्र राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ

विषय: विश्वविद्यालय में अध्ययनरत दृष्टिबाधित विद्यार्थियों हेतु ब्रेल लिपि में पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराये जाने के संदर्भ में

आदरणीय महोदय,

आप सादर विदित होंगे कि विश्वविद्यालय में सम सेमेस्टर की कक्षाएं प्रारंभ हो चुकी हैं| कक्षाओं में सम्मिलित हो रहे दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को ब्रेल में पठन सामग्री उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय में ब्रेल प्रेस की स्थापना की गई है|

इस संदर्भ में आपसे विनम्र अनुरोध है कि जिन पाठ्यक्रमों में दृष्टिबाधित विद्यार्थी अध्ययनरत हैं उनकी पाठ्यक्रम एवं पठन सामग्री (यदि संभव हो तो सॉफ्ट कॉपी (MS Word) में) ब्रेल प्रेस को उपलब्ध कराने का कष्ट करें जिससे विद्यार्थियों को ससमय ब्रेल लिपि में पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सके| जिस भी पठन सामग्री को ब्रेल में उपलब्ध कराया जाना है उसे ब्रेल प्रेस की ईमेल braillepress@dsmnru.ac.in पर भी उपलब्ध कराया सकता है|

भवदीय,

(डॉ० विजय शंकर शर्मा)
नोडल अधिकारी

प्रतिलिपि:

1. माननीय कुलपति महोदय को सादर संज्ञानार्थ
2. समस्त अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष एवं शिक्षक वृंद (ऐसे समस्त संकाय/विभाग जहाँ दृष्टिबाधित विद्यार्थी अध्ययनरत हैं)
3. कुलसचिव
4. सिस्टम एनालिस्ट महोदया को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु

Vijay SS 05.02.25

(डॉ० विजय शंकर शर्मा)
नोडल अधिकारी